(c) arrest, without warrant any person who has committed a cognizable offence or against a reasonable suspicion exists that he has committed or is about to cognizable offence and may use such force as may be necessary to effect the arrest;

(d) Enter and search, without warrant, any premises to make any such arrest as aforesaid or to recover any person believed to be wrong fully restrained or confined etc., less ete... "

और उसके बाद धारा 7 में है कि :

"No prosecution, suit or other legal proceeding shall bo instituted, except with the previous sanction of the Central Government, against any person in respect of anything done or purported to be done in exercise of the powers conferred by this Act. "

अब हम इस तरह के कानून हम ला रहे हैं । हमने पंजाब में देखा है कि हम अटर फेल्योर हुए । फिर ये ही कानून हम काश्मीर में लादने जा रहे हैं तो फिर काश्मीर के लोगों को यह सोचने का मौका नहीं देंगे कि आप तो हिन्दुस्तान का हिस्सा हैं, आप अपना राज संभालिए, और फिर काश्मीरियों ने हमारे साथ इल्हाक का फैसला किया था । जब पाकिस्तान के कबाइलियों और पाकिस्तानी फौज ने काश्मीर पर हमला किया तो तवारीख गवाह है कि हिंदू मुसलमान दोनों भाई काश्मीर में शाना बशाना लड़े । उसके बाद हमारी फौज पहुंची । उन्होंने सेक्युलर हिंदुस्तान का साथ दिया लेकिन अब क्या वजह है कि आज वे हमारे खिलाफ हैं। यह सोचने की बात है और मैडम आप जानती हैं There is no effect without any cause. मैं बहुत आदर के साथ कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने हिंदू राष्ट्र का नारा देकर हमको सिख भाइयों से अलग किया, काश्मीर के मुसलमान भाइयों से हमको अलग किया । आज एक तरफ तो हम लोग हिंदुस्तान की एकता और अखंडता की बात करते हैं, दूसरी तरफ हिंदुस्तान में हम धर्म, भाषा, जाति-पांति और अपने मफाद के लिए हर तरह की बातें करते हैं जिससे मुल्क की अखंडता को नुकसान पहुंचता हैं । आज मस्जिद और मन्दिर की बात करते है । हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाइयों सभी ने भाई भाई का नारा देकर इस मुल्क के तिरंगे झंडे के तहत इस मुल्क को आजाद किया था । ये सब बातें उस वक्त कहां थीं । आज आजादी के बाद ये बातें क्यों पैदा हुईं । महज चंद वोटों की खातिर हम भाई का गला काटते हैं। ठीक है हमारी पार्टी आज ताकत में नहीं है, उसका हमें कोई गम नहीं है । लेकिन मुल्क तो एक रहे । मुल्क के सोचने वाले तो सोचें कि आखिर हम लोग देश को कहां ले जा रहे हैं । ये बातें देश को कहां ले जाएगी। क्या हिंदुस्तान की हुकूमत शाह जफर के मुताबिक जमुना तक ही रहेगी । आज मुल्क को बहुत बड़ी चुनौती है । आज हमारी आजादी खतरे में है, सालमियत खतरे में है और सारी दुनिया की निगाहें लगी हुई है कि हिंदुस्तान कैसे कमजोर हो । तवारीख गवाह है कि हिंदुस्तान पर जब भी बाहर का हमला हुआ उससे जितना नुकसान हुआ, उससे ज्यादा अपनों से हुआ बनिस्बत गैरों के और आज मुल्क को जितना नुकसान हम लोग पहुंचा रहे हैं, धर्म के नाम पर मन्दिर मस्जिद के नाम पर उतना कोई दुसरा नहीं पहुचा रहा है। मैडम आप जानती हैं कि मैं एक साफगो आदमी हूं । एक भारतीय के नाते कह रहा हूं । गुजिश्ता हफ्ते पार्लियामेंट में गुलाब नबी आजाद साहब जो एक जिम्मेवार आदमी हैं उन्होंने कहा कि बाप के सामने बेटी के

[श्री रफीक आलम]

साथ और शौहर के सामने बीवी के साथ जनाबिल जब्र किया गया । बताइये कोई भी खुद्दार इन्सान कैसे बर्दाश्त करेगा । हम लोग क्या कर रहे हैं । अगर उन जवानों ने ऐसी हरकतें की न तो मैं गुलाम नबी आजाद साहब से कहूंगा कि जो रिपोर्ट उनके पास है वह आप प्रधान मंत्री जी को दे दें । वे तहकीकात करायें । ऐसे जवानों को सजा मिलनी चाहिए इसलिए कि इस तरह की हरकत करके वे मुल्क को नुकसान पहुंचा रहे हैं । अपने शरीर की हवस को तो पूरा कर रहे हैं लेकिन एट० ए० कास्ट आफ द होल नेशन । ऐसे लोगों को सख्त सजाएं दी जाए और यह अद्या कानून नाफिज न किया जाए अहलुवालिया जी का जो रिजोल्यूशन हाउस में है मैं इसका समर्थन करता हूं फिर हम लोग एक दूसरे को मोहब्बत की निगाह से देखें । यह मुल्क बहुत मुश्किल से आजाद हुआ है । इसको हम फिर गुलाम न बनायें । इसके साथ मैं आपसे यह बात कहता हूं कि सबको चाहिए कि मिलकर इस मुल्क को बनायें, मिल जुलकर इस मुल्क को बचायें । "शक्ति भी शांति भी भक्तों के गीत में हैं, धरती वासियों को मुक्ति प्रीत में है ।"

†[شری رفیق عالم (بہار) : مہودم پہلے تو میں آپ کا شکریہ ادا کر دوں جو آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا - پہلے بار چار پانچ منٹ میں کیا بولوں - میں یہ سوچ رہا ہوں -

مہودم آپ تو جانتی ہیں کہ کشمیر آج نفرت کی آگ میں جل رہا ہے - اسمیں کوئی دو رائے نہیں کہ چاہے کشمیر ہو یا پنجاب - تمل ناڈو ہو یا آسام - ہندوستان کے ایک اٹوٹ حصے ہیں - اور دنیا کی کوئی طاقت انہیں ہم سے جدا نہیں کر سکتی - لیکن شرط یہ ہے کہ ہم وہاں کے لوگوں کو انصاف کی نگاہوں سے دیکھیں اور محبت کی راہیں اپنائیں نفرت کی راہیں نہیں - آج جو کچھ وہاں پر ہو رہا ہے وہ سب نفرت کی وجہہ سے ہو رہا ہے - آپ نے جو یہ قانون سدن میں پیش کیا ہے اسمیں بہت ہی اسویپنگ پاور دی جا رہی ہیں - دھارا ۲ میں ہے کہ :

"Armed forces, means the military forces and the air forces sperating as land forces and includes any other armed forces of the Union so operating; "

بلانیے جب یہ قانون کشمیر کے لوگوں کے پاس جائیگا کہ صاحب اب پولیس ہی نہیں، ملٹری ہی نہیں بلکہ اب ایئر فورس بھی بم برسائیگی تو اسکا نتیجہ کیا ہوگا - ٹھیک ہے ٹیررسٹوں کے خلاف قدم اٹھائیے - سخت سے سخت قدم اٹھائیے - لیکن جو بےقصور ہیں - جو بےگناہ ہیں - ان پر تو ظلم مت ڈھائیے - لیکن لگتا ہے کہ آپ سوچنے کی طاقت کہاں پتہ نہیں مفلوج ہو گئی ہے - اس پر مجھے ایک شعر یاد آ

* Transliteration in Arabic Script.

انقلابات نے یوں نظم گلستاں بدلا ہے-
پھول تو مرجھا گئے ہیں کانٹوں پر بہار
آئی ہے-

ہر جگہہ لوگ پریشان کیوں ہیں- جن کو اپنے دیش سے محبت ہے وہ سب پریشان ہیں - یہ کیا ہو رہا ہے - آپ جانتے ہیں کہ ہم فوجی طاقت کے ذریعہ بغاوت کو تو کچل سکتے ہیں - لیکن جذبات کو دبا نہیں سکتے - ہندوستان کی تاریخ گواہ ہے ہندوستان کا اتہاس ساکشی ہے - کہ بل ذریعہ ہم کوئی سولیوشن نہیں کر سکتے ہیں اس ہندوستان پر انگریزوں نے راج کیا - لیکن مہاتما گاندھی - ایک ننھے اور کمزور آدمی نے انکو جب چیلنج کیا اور آزادی کا نعرہ دیا تو انگریزوں کی توپیں - انکی بندوقیں انکا ائر فورس سب ختم ہو گیا - اسلئے کشمیر اور پنجاب میں ہمیں فخر ہے یہ ہمارا حصہ ہے - لیکن وہاں کے لوگوں کے ساتھ ہمیں سمجھوتا کرنا پڑےگا پولیٹیکل سولیوشن نکالنا پڑےگا - ہم فوج کے ذریعہ یا پولیس کے ذریعہ یہ پولیس کے ذریعہ کنٹرول نہیں کر سکتے ہیں - پنجاب کو بھی نہیں اور کشمیر کو بھی نہیں یہ ہمیں سمجھ لینا چاہئیے - وہاں کے جو لوکل ایڈریس ہیں- جو لوگ پیپلس ہیں انکو ان سوالوں پر اعتماد دلاکر بھروسہ دلاکر انہیں ہمیں دیش کی مٹی ہمارا میں لانا یہ بات صاف ظاہر ہے -

You cannot rule without their participation in it.

اور جمہوریت میں اسمبلی ضروری ہے اسکے لئے کشمیر میں چناؤ کرانا پڑےگا - دس طریقے سے بھی ہو وہاں پر اسمبلی کا چناؤ کراکے وہاں کے لوگوں کو موقع دینا ہے کہ وہ وہاں امن وامان قائم کریں - ہم دلی سے بیٹھکر یہ نہیں کرسکتے ہیں اسمیں اسوپنگ پاور دی گئی ہیں میوتم دھارا چار میں کہا گیا ہے کہ :

اور اسکے بعد دھارا سات میں ہے کہ :

اب اس طرح کے قانون ہم لارہے ہیں - ہم نے پنجاب میں دیکھ کہ ہم اتنو فیلیور ہوئے - پھر یہ ہی قانون ہم کشمیر میں لادنے جا رہے ہیں - تو پھر کشمیر کے لوگوں کو ہم یہ سوچنے کا موقع نہیں دینگے - کہ آپ تو ہندوستان کا حصہ ہیں - آپ اپنا راج سنبھالئیے - اور پھر کشمیر نے ہمارے ساتھ الحاق

[شری رفیق عالم]

کا فیصلہ کیا تھا - سب پاکستان کے قبائلیوں اور پاکستان کی فوج نے کشمیر پر حملہ کیا تو تاریخ گواہ ہے کہ ہندو مسلمان دونوں بھائی کشمیر میں شانہ بشانہ لڑے - اسکے بعد ہماری فوج پہونچی - انہوں نے سیکولر ہندوستان کا ساتھ دیا لیکن اب کیا وجہ ہے کہ آج وہ ہمارے خلاف ہیں - یہ سوچنے کی بات ہے اور میڈم آپ جانتی ہیں

There is no effect without any cause.

میں بہت ادب کے ساتھ کہتا ہوں کہ بھارتیہ جنتا پارٹی نے ہندو راشٹر کا نعرہ دیکر ہم کو سکھ بھائیوں سے الگ کیا - کشمیر میں مسلمان بھائیوں سے الگ کیا - آج ایک طرف تو ہم ہندوستان کی ایکتا اور اکھنڈتا کی بات کرتے ہیں - دوسری طرف ہم ہندوستان میں دھرم - بھاشا - ذات پات اور اپنے مفاد کیلئے ہر طرح کی باتیں کرتے ہیں - جس سے ملک کی اکھنڈتا کو نقصان پہونچتا ہے - آج مسجد اور مندر کی بات کرتے ہیں - ہندو مسلمان سکھ عیسائیوں سبھی نے بھائی بھائی کا نعرہ دیکر اس ملک کو ترنگے جھنڈے کے تحت آزاد کرایا تھا - یہ سب باتیں اس وقت کہاں تھیں - آج آزادی کے بعد یہ باتیں کیوں پیدا ہیں - محض چند ووٹوں کی خاطر ہم بھائی کا گلا کاٹتے ہیں - ٹھیک ہے ہماری پارٹی آج طاقت میں نہیں ہے - اسکا ہمیں کوئی غم نہیں ہے - لیکن ملک تو ایک رہے - ملک کے سوچنے والے تو سوچیں کہ آخر ہم لوگ دیش کو کہاں لئے جا رہے ہیں - یہ باتیں دیش کو کہاں لے جائینگی - کیا ہندوستان کی حکومت شاہ ظفر کے مطابق صرف جمنا تک ہی رہیگی - آج ملک کو بہت بڑی چنوتی ہے - آج ہماری آزادی خطرے میں ہے - سالمیت خطرے میں ہے - اور ساری دنیا کی نگاہیں لگی ہوئی ہیں - کہ ہندوستان کیسے کمزور ہو - تاریخ گواہ ہے کہ ہندوستان پر جب بھی باہر کا حملہ ہوا ہے اس سے جتنا نقصان ہوا - اس سے زیادہ نقصان اپنوں سے ہوا - بنسبت غیروں کے - اور آج ملک کو جتنا نقصان ہم لوگ پہونچا رہے ہیں - دھرم کے نام پر - مندر مسجد کے نام پر اتنا کوئی دوسرا نہیں پہونچا رہا ہے - میڈم آپ جانتی ہیں کہ میں ایک صاف گو آدمی ہوں - ایک بھارتیہ کے ناطے کہہ رہا ہوں - گذشتہ ہفتہ پارلیمنٹ میں غلام نبی آزاد صاحب جو ایک ذمہ دار آدمی ہیں - انہوں نے کہا کہ باپ کے سامنے بیٹی کے ساتھ اور شوہر کے سامنے بیوی کے ساتھ زنا بالجبر کیا گیا - بتائیے کوئی بھی خود دار انسان کیسے برداشت کریگا - ہم لوگ کیا کر رہے ہیں - اگر ان جوانوں نے ایسی حرکت کی ہے - تو میں غلام نبی آزاد صاحب سے کہوں گا کہ جو رپورٹ انکے پاس ہے وہ آپ پردھان منتری جی کو دے دیں - وہ تحقیقات کرائیں - ایسے جوانوں کو سزا ملنی چاہئے اسلئے کہ اس طرح کی حرکت کرکے وہ ملک کو نقصان پہونچا رہے ہیں - اپنے شریر کی ہوس کو تو وہ پورا کر رہے ہیں - لیکن دوالت اے کامت آف دی نیشن۔

ایسے لوگوں کو سخت سزائیں دی
جائیں اور یہ اندھا قانون نافذ نہ
کیا جائے - اہلووالیا جی کا جو
رزولیوشن ہاؤس میں ہے میں اسکا
سمرتھن کرتا ہوں - پھر ہم لوگ
ایک دوسرے کو محبت کی نگاہ سے
دیکھیں - یہ ملک بہت مشکل سے
آزاد ہوا ہے - اسکو ہم پھر غلام نہ
بنائیں - اسکے ساتھ میں آپ سے یہ
بات کہتا ہوں کہ سبکو چاہئیے کہ
مل جل کر اس ملک کو بنائیں -
مل جل کر اس ملک کو بچائیں -
شکتی بھی شانتی بھی بھکتوں کے
گیت میں ہے دھرتی کے واسیوں کی
مکتی پریت میں ہے -]

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have no other names of speakers. I will call Mr. Ahluwalia, the Mov, r of the Resolution, to reply. But I would request him to be very brief. ' Mr. Ahluwalia, you have already taken more than an hour while moving the Resolution. So, please take 10 minutes.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : (बिहार) : महोदया, जो रेजोल्यूशन मैंने मूव किया है, उस पर सदन में सदस्यों ने पांच घंटे की बहस चलाई । तो मुझको जवाब देने का थोड़ा मौका...... (व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: It was altogether. We have lot of other things also and not only your Resolution.

SHRI S. S. AHLUWALIA: But it is a very important matter.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know it is very important.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Some of the Members of the Treasury Benches have blamed me sayingthatl am making false allegations against the Jawans. So, I have to clarify my position. I have to tell the House about my arguments and about my logic against this Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: But there is a limitation of time. The total time allotted for the whole business was four hours. We had taken five hours and six minutes earlier and today we took about an hour. So, I would request you to reply in 10 minutes.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : दस मिनट्स में तो....

उपसभापति : आप शुरू तो कीजिए । दस मिनट में ही खत्म कीजिए । We have very heavy business.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैंने जिस रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए कश्मीर के इन हालातों की सारी चीज आपके सामने और सदन के सामने रखी है, उस रिपोर्ट को लिखने वाली प्रोमिला लूईसी, जो जर्नलिस्ट हैं, नंदिता हक्सर, एडवोकेट, सुहासिनी मुले, फ़िल्म मेकर और सकीना हसन, फ़ार्मर प्रिन्सिपल, नवाकडाल विमेंस कालेज, श्रीनगर, हैं । इन्होंने जो अपनी करीब अस्सी पेज की रिपोर्ट में जो कुछ दिया है, जो हालात काश्मीर में हैं और जो कुछ वहां के लोगों के साथ बर्ताव किया गया है, उसको जिस तरह से उन्होंने पेश किया है, मैं आपको सच बयान करता हूं कि जिस दिन मैंने यह रिपोर्ट पढ़ी, तो मैं तीन रात सो नहीं सका था ।

मैं सो नहीं सका, उसका कारण क्या था कि मुझे लग रहा था कि मैं भी उस मुल्क का एक नागरिक हूं जहां पर यह वह शियत नाम का इस तरह जो नंगा नाच हो रहा है और मैं उसी हिंदुस्तान के सदन का सदस्य हूं और मुझमें वह आवाज नहीं है, जमीर सो चुका है या मर चुका है—मैं उस आवाज को उठा नहीं सक रहा हूं ।

यह रिपोर्ट पढ़कर मुझे बहुत ही दुख हुआ और अफ़सोस हुआ, जिसके कारण मैं यह डिसअप्रूवल का मोशन लेकर आया हूं ।

महोदया, जो लाठर साहब ने मुझे कहा कि इस तरह से जवानों के खिलाफ़ या

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

जवानों की वर्दी के खिलाफ़ आपको नहीं कुछ कहना चाहिए था, मैं उनसे सोलह आने सहमत हूं । मैंने जवानों को या जवानों की वर्दी पर कोई भी कलंक लगाने की कोशिश नहीं की है, क्योंकि मैं क ऐसे परिवार से आता हूं जिसक पूरा परिवार ही आर्मी में रहा है । मेरे ाना, मेरे मामा, सेकण्ड वर्ल्ड वार से ही आर्मी में रहे और मैं भी आर्मी में जाना चाहता था, मैं इंडियन मिलिटरी एकाडमी में सिलेक्ट हुआ था, पर मेरी मां ने इसलिए रोका क्योंकि उसने अपनी मां को रोते हुए देखा था, उनके पिता जी—हमारी मां के पिताजी और हमारी मां के भाई घर वापस नहीं हो सकते थे और जंगे-मैदान मे लड़ते-लड़ते वह लोग जेलों में बंद थे और मुझे रोक लिया था ।

मैं इन चीजों को समझता हूं । मैं इस पर कलंक लगा नहीं सकता क्योंकि मैं एक ऐसे परिवार से आया हूं जिसकी कुर्बानियां हैं और जिसका क्रेडिट मैं लेना नहीं चाहता हूं, पर यह कहता हूं कि मैं उन पर कलंक नहीं लगाना चाहता हूं, पर जो वाकयात हुए हैं, उनको अस्वीकार भी नहीं कर सकता जो घटनायें घटी हैं, उससे दूर भी नहीं हट सकता । मैं यह पूरे आर्मी जवानों पर नहीं लगाता, पर कहीं-कहीं जहां टुकड़ियां हुई हैं, वहां एक्शन भी हुए हैं।

अगर यह बातें झूठ हैं मैं या तो जैसा कि जगमोहन साहब ने अभी कहा कि साहब एक ट्रिब्यूनल बनाया जाए—मेरे सामने एक अखबार है और यह लिखता है कि—

"Terrorist - Police Nexus in Jammu and Kashmir."

तो इनको ट्रिब्यनल में बुलाइये कि यह क्यों भिभ्रात करते हैं ? या तो कहिए कि यह सच है या कहिए कि झूठ है, तो इन पर एक्शन लिया जाए । यह पूरे हिंदुस्तान में जिस तरह से छाप-छाप करके बात की जाती है और या फिर यह जो रिपोर्ट है—इंडिपेंडेंट इनिशिएटिव की इसको चेलेंज कर जिस तरह से विजय मोहन रेड्डी जी ने कहा कि साहब, अगर यह झूठ है—झूठ बात इन्होंने कही है, तो इनका कोर्ट मार्शल जरूर होना चाहिए। पर उसके पहले इंडीपेंडेंट इनीशिएटिव की रिपोट आपने इन्क्वायरी कराई है, आपने देखा है, ? मैंने तो अपनी आवाज उठाई है । मैंने तो अपनी आवाज बहरी सरकार को सुनाने की कोशिश की है कि यह गलतियां हो रही हैं । आप उसमें क्या कह रहे हैं ? आप कहना चाहते हैं महोदया, बड़ा आश्चर्य लगता है अभी जगमोहन साहब कह रहे थे कि कहीं मुस्लिम और गैर-मुस्लिम अफ़सरों का सवाल आ गया था और इन्होंने बताया कि कुरैशी साहब को इन्होंने सैक्योरिटी एडवाइजर बनाया और एक नई पोस्ट क्रिएट की वहां पर भी एक मुसलमान आफ़िसर लगाया । मैं यह बात नहीं उठाता । अगर यह नहीं उठाते तो । महोदया मेरा सीधा सा सवाल है कि क्या काश्मीर का मुस्लिम चीफ़ सेक्रेटरी नहीं हटाया गया था ? क्या यह झूठ है ? अगर झठ है तो मैं सजा भुगतने के लिए तैयार हूं । दूसरा क्या मुस्लिम डाइरेक्टर जनरल पुलिस रिप्लेस नहीं किया गया था ? क्या आठ इंस्पैक्टर जनरल आफ़ पुलिस में सिर्फ 8 इंस्पैक्टर जनरल आफ़ पुलिस जो लाए गए उसमें 6 नान-मुस्लिम थे और सिर्फ 2 मुस्लिम थे क्या इस तरह इसको चैज नहीं किया गया था ? अगर किया गया था तो उसको स्वीकार करने में दिक्कत क्या है ? आज हालत यह है कि वहां जो हम लड़ाई लड़ना चाहते हैं आज हम ऐसे बिल क्यों ला रहे हैं ? वहां पर 900 officers, including 23 SPs and DSPs are reported to have either sought premature retirement or proceeded on long leave. क्यों क्या कारण है ? महोदया ऐसी रिजेन्मेंट लोगों मे क्यों है मैं यह जानना चाहता हूं ? हमारा भारत सरकार का भरोसा क्या जम्मू-कश्मीर के एडमिनिस्ट्रेशन से उठ गया है ? जम्मू-कश्मीर के एड-मिनिस्ट्रेशन पर हमें विश्वास नहीं रहा है। वहां की पुलिस हो चाहे आई०ए०एस० आफ़िसर हो चाहे आई०पी०एस० आफिसर हों या वहां का कांस्टेबल हो मुझे सुनने में आया है कि वहां के जो आफिसर्ज हैं उनको डिसआर्म कर दिया गया है । उनके

हाथ में आर्म्ज एंड एम्युनिशन नहीं रहते हैं। कोई वी० आई० पी० अगर इमूवमेंट होती है तो कोई भी कश्मीरी आफ़िसर के पास में उसका आर्म नहीं रखा जाता उसको डिसआर्म करके उसके हाथ में छड़ी पकड़ा दी गई हैं ? अगर यह हैं तो यह बड़ी ही शर्मनाक बात हैं। महोदय, हम इस तरह का अविश्वास रख करके कभी भी काश्मीरियों का दिल नहीं जीत सकते काश्मीरी हिन्दुस्तानी हैं हिन्दुस्तानी था। और हिन्दुस्तानी रहेंगे पर हम जबर्दस्ती उन्हें पाकिस्तानी का धब्बा लगा रहे हैं । इन कोशिशों को नाकाम करने के लिए यह हमारी क़ोशिश है कि हम इस बिल की खिलाफ़त करते हैं । महोदया, 5 जुलाई को यह बिल लाया गया है आर्डिनेंस लाया गया । मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि 5 जुलाई क़ो हड़बड़ी में ऐसा यह आर्डिनेंस लाने क़ी क्या जरूरत थी ? पता नहीं शायद वहां क्या हो रहा था ? कैसी घटना घट रही थी ? पता नहीं, शायद पालियामेंट का सेशन आने मे वहां बहुत कुछ हो जाता, बहुत कुछ घटनाएं ऐसी हो जातीं और काश्मीर हिन्दुस्तान से निकल जाता ? ऐसी घटनाएं घट रही हैं, ऐसा सोच कर, ऐसा विचार कर, इन आर्डिनेंस को हड़बड़ी में पास किया गया जो कि 22 जून क़ो आलरोडी सम्मन इश्यू हो चुका था।

महोदया, मैं आपके सामने एक ऐसी चीज पेश करना चाहता हूं कि 14 जुलाई को एक हैलीकाप्टर गायब हो गया। उस हेलीकाप्टर में हमारे राजोरी डिवीजन के मेजर जनरल सुदर्शन सिंह, जनरल आफ़िसर कमांडिंग, राजोरी डिवीजन के ब्रिगेडियर डी०डब्ल्यू० सिंह, कर्नल आय०डब्ल्यू० पी० सिंह और द अदर पायलट गायब हो गए। आश्चर्य की बात है, महोदया, अखबारों में, टी०वी० में और रेडियो में यह कहा गया कि यह रोटीन चैक पर वहां जा रहे थे। पर मेरी जो खबर कि उनका कमांडिंग आफ़िसर राजोरी डिवीजन के एक यूनिट की हैंडबाल के मैच को देखने के लिए, उसको विटनैस करने के लिए जा रहा था। हैंडबाल मैच विटनेस करने के लिए जा रहे थे और उसमें हमारा नुकसान क्या हुआ ? राडार खराब होने के बावजूद उस हेलीकाप्टर से इन्होंने रिस्क ली सिर्फ़ हैंडबाल मैच देखने के लिए और उसमें जी०ओ०सी०, कमांडर और एक इंटेलीजेंस आफ़िसर—ये तीनों जा रहे थे। वह जहाज पीर पांचाल पहाड़ क्रास करने के बाद टकरा गया और गिर गया। इन्होंने राजौरी से टेक आफ़ किया था और पिंडीगली जाना था। पिंडीगली न पहुंचकर वीर पंचाल जंगल पार करने के बाद यह जहाज गिर गया महोदया, अगर सिचुएशन इतनी सीरियस थी तो वहां हैंडबाल, बास्केटबाल और वालीबाल के मैच भी चल रहे हैं और इधर दिल्ली में आर्डिनेंस भी पास किए जा रहे हैं उन्हें पावर देने के लिए। आप आर्डिनेंस क्यों पास कर रहे हैं? आप एक्स्ट्रीमिस्टस को रोकना चाहते हैं, उनके मूवमेंट को रोकना चाहते हैं। आप कहते हैं कि पहाड़ों से बर्फ़ गल रही है अब रास्ता खुल रहा है, ये आ रहे हैं, जा रहे हैं। पर हमारी आर्मी के पास पहले ही इतनी ताकतें हैं कि यदि कोई घुसपैठिया घुस रहा है तो उसे रोकने के लिए (**समय की घंटी**) किसी से परमीशन लेने की जरूरत पड़ती है ? महोदया, कोई जरूरत नहीं पड़ती है। उसे सिर्फ़ एक वार्निंग देनी पड़ती है और वार्निंग का जवाब नहीं देता है तो उसका जवाब गोली होती है। महोदया, मैं पूछता हूं कि इतने ए० के० 47 इतने ए० के० 94 और इतने ग्रेनेड और इतने आर्म्स-एम्युनीशन क्या पैराट्रूप से आ रहे है या कोई जहाज में लादकर ले आता है। हमारी जो एक्चुअल लाइन आफ़ कंट्रोल है, उसके ऊपर हमारे जवान तैनात हैं। अगर कड़ाई करने की जरूरत है तो काश्मीर घाटी में जरूरत नहीं है। कड़ाई करने की जरूरत तो सरहदों में है। उन सरहदों में कड़ाई नहीं हो रही है। वहां घटनाएं तो घट रही हैं। हम जब दबाव डालते हैं सिविलियन पर, हम जब उन्हें तंग करते हैं, परेशान करते हैं तो इस तरह की घटनाएं जोकि इस रिपोर्ट में लिखी हैं, ऐसी घटनाएं घटती हैं तो वह मानसिक रूप से सरकार का विरोधी हो जाता है। मानसिक रूप से सरकार के किसी कदम को सहायता

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

करता है ।.... (समय की घंटी) महोदया इन चीजों को सोचने की जरूरत है ।

उपसभापति : अब आप अपना भाषण समाप्त करने की कृपा करेंगे ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं यह भाषण नहीं, मैं तो जवाब दे रहा हूं ।

उपसभापति : हां, अपना जवाब ही खत्म कर दीजिए क्योंकि आप भाषण तो एक घंटा दे चुके हैं।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, यहां वचन बड़े दिए जाते हैं, बहुत एश्योरेंस दिए जाते हैं । मैंने इससे पहले भी 18 मई.... (व्यवधान)

श्री अनन्त राम जायसवाल (उत्तर प्रदेश) : महोदया, आपकी इजाजत से मैं एक एक्सप्लेनेशन पूछना चाहता हूं अपनी जानकारी के लिए । महोदया, मैं आपके माध्यम से श्री अहलुवालिया जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या पंजाब में भी इसी तरह का कानून लाया गया था ? अगर लाया गया है तो कब लाया गया था ? क्या उस कानून के रहते वहां पर अफ़सरों के खिलाफ़, जवानों के खिलाफ शिकायतें हुई हैं ? अगर हुई तो क्या कोई कार्यवाही की गयी ? जैसी कि कार्यवाही, अभी सुनने में आई है, काश्मीर में गवर्नर ने की, क्या इस तरह की कोई कार्यवाही पंजाब में भी की गयी या नहीं ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, मैं अगर बूटा सिंह होता तो इसका जवाब जरूर देता । पर मेरा नाम सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया है । मैं कभी गृह मंत्री नहीं रहा हूं । मुझे इन चीजों का पता नहीं और जायसवाल जी शायद आप इस सदन में उस दिन उपस्थित नहीं थे जिस दिन मैंने आपके प्रधान मंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के एक भाषण को कोट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि; "ज्यादा गन पाउडर, ज्यादा बैनेट और ज्यादा बुलेट देकर अदरहुड नहीं लाया जा सकता ।" यह उनका भाषण है, मेरा नहीं । मैंने उनके भाषण की बात कही है, उनके दिल के गुबारों की बात कही है। अगर आपको मौका लगे तो 14–15 मार्च, 1988 में 59वां एमेंडमेंट जो पंजाब के ऊपर था आप उसकी डिबेट पढ़ लेना । आपके मंत्री जी ने, आपके साथी जो बैठते हैं, आपके नेता ने क्या-क्या वक्तव्य रखे थे, उसको अगर आप पढ़ लें और उसके बाद अगर आप प्रश्न करेंगे तो मैं उसका जवाब जरूर दूंगा ।

उसके बाद आप मुझसे ऐसा प्रश्न करें तो मैं जवाब जरूर दूंगा ।.... (व्यवधान) मैं तो कह रहा हूं कि मैं तो गृह मंत्री नहीं था ।

श्री वीरेन जे० शाह (महाराष्ट्र) : जैसी आपको जम्मू-कश्मीर की जानकारी है, पंजाब की भी होनी चाहिए।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं तो उन्हीं की तरह एक सदस्य था।

श्री अनन्त राम जायसवाल : मैं खाली यह कहना चाहता था कि जिस तरह से आज भाषण हो रहे हैं, मेरी अपनी निजी राय है कि पंजाब और कश्मीर को पार्टी-बाजी में नहीं फंसाना चाहिए, लेकिन जिस तरह से भाषण हो रहे हैं, उससे लगता है कि आप लोग बिल्कुल बदल गए हैं और जो कुछ पंजाब में हुआ या काश्मीर में हुआ, उससे आपका कोई मतलब ही नहीं रहा । इसलिए मैंने यह सवाल किया ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : खैर, महोदया,.....

उपसभापति : अब आप कृपया बैठ जाइए । मुझे मंत्री जी को भी बुलाना है और चार बजे मुझे यह खत्म करना है। मंत्री जी भी आधा-पौना घंटा लेंगे ही । इसलिए आप कृपया बैठ जाइए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: महोदया; यह जम्मू-कश्मीर का मामला है

उपसभापति: मैं जानती हूं, जम्मू-कश्मीर का मामला है । लेकिन मंत्री जी को भी जवाब देना है । आप एक घंटा बोले, पांच घंटे दूसरे सदस्य बोले और अब आधा घंटा तो मंत्री जी को भी जवाब देने दीजिए, अब इतनी बातें कही गई हैं । कृपया बैठ जाइए । थैंक यू ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : नहीं, अगर आप नहीं बोलने देंगी तो मैं बैठ जाऊंगा ।

उपसभापति: देखिए, यह जुमला आपका,

I want to raise an objection that आप नहीं बोलने देंगी । आपका टाईम नहीं रहा, इसलिए मैं आपको नहीं बोलने देती । आप बैठ जाइए, आपका समय नहीं है । ...(**व्यवधान**)... मैंने आपको एक घंटा एलाऊ किया, वह आपका समय नहीं था, उसके बावजूद मैंने एलाऊ किया । ....(**व्यवधान**) आप बहस मत कीजिए । मैंने दो एक्सट्रा कांग्रेस के मेम्बर्स को एलाउ किया, जिनका टाईम खत्म हो गया था । इसलिए आप यह आइंदा एलीगेशन लगाने से पहले सोच लीजिएगा ।

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, मेरी बात तो खत्म होने दीजिए ।

उपसभापति: नहीं, खत्म हो गई आपकी बात । आपने जो मुझसे कहा कि मैं नहीं बोलने दूंगी तो अब मैं नहीं बोलने दूंगी । ...(**व्यवधान**)...मैंने कहा, आपको मैं नहीं बोलने दूंगी, आपका टाईम खत्म हो गया

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, मैंने यह मोशन मूव किया है और इस मोशन पर बहस हुई है । अब मेरा राईट है बनता उसका जवाब देना अगर आप नहीं करने देती तो मैं समझता हूं कि उनका भी राइट नहीं है जवाब देने

THE DEPUTY CHAIRMAN: You have given your answer and you have taken enough time of the House.

SHRI S. S. AHLUWALIA: You are wrong in this. You are unnecessarily stretching my right...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have said that I have given you enough time. Do not argue. You have spoken for more than one hour before. Over and above the party's time I have given so much time. So, please do not argue.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मेडम, अच्छा आप रूलिंग दें कि मोशन मूव करने वाले का राइट टू रेप्लाई और मोशन मूव करने का टाईम पार्टी के टाईम में होता है । आप लिखिए पहले ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have given you time to reply. You strated at 3. 10 and now it is 3. 25. In my opinion the time is sufficient for your reply. Please take your seat. *(Interruptions).*

SHRI S. S. AHLUWALIA: What is your ruling ? You give your ruling.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You aske for my ruling and I have given my ruling.

SHRI VIREN J. SHAH: Can any hon. Member describe the Chair and directly say that you are wrong and repeat that you are wrong ? Is it within the parliamentary pr tice ? Is it an acceptable parliamentary practice?

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think it is becoming so. Every day Members ask for a ruling and when I give a ruling

SHRI S. S. AHLUWALIA: If there is no provision for the mover of the motion to reply, why are we moving the motion *(Interruptions).* I have got the right to reply, but you are not allowing me.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I can tell you that I have allowed you.

SHRI S. S. AHLUWALIA: You have not allowed me.

THE DEPUTY CHAIRMAN: What is wrong with you ? I allowed you and please take your seat. I won't allow you.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Is there any time specifical for this? Where is it ? Show me.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, the time is specified and it is finished now.

SHRI VIREN J. SHAH: When you mentioned that it is becoming a practice it is a ruling that the Chair could be attacked and accused of being wrong. I would submit with the greatest respect to the Hon. House to please reconsider and do not make it a part of the proceeding that any Member can get up and tell the Chair that you are wrong. I think we should not allow this.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It has been happening in the House. You are an old Memer. You have been in this House before.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : वीरेन शाह जी, आपको समझ में आए; तब बोलिए ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: May I inform Mr. Ahluwalia that the total time allotted by the Business Advisory Committee was 4 hours including your Resolution, reply and the reply of the Minister 7^0w that time is exceeded five hours and more. So please take your seat.

SHRI S. S. AHLUWALIA: I will be finishing within five minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If you withdraw all the allegations that you have made, then I will permit you. Otherwise I am not going to permit you.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Madam, I have no complaint against you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is no question of a complaint. You said many times, "You are wrong". Withdraw it and then I will allow you five minutes.

SHRI S. S. AHLUWALIA: I withdraw it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now speak for five minutes and" not more than that. No ten minutes. Only five minutes.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : पांच मिनट तो ऐसे ही खराब कर दिए आपने :

महोदया, मैंने इसके पहले भी 18 मई का एक वायरलैस मैसेज पढ़कर सुनाया था और इस सदन में होम मिनिस्टर ने एश्योरेंस दिया था जिसमें वह मैसेज "बडस्गाम" की एक घटना के ऊपर था जहां लिखा था ,

This was a message to SP PCR Srinagar from I/c APCR Srinagar, No. 19/2823/APCR dated 18-5-90

इसमें लिखा हुआ था :

"During the intervening night of 17/18-5-90, bus No. 137-1/F carrying 27 persons of a bartt (marriage party) was stopped near Badsgam crossing about 2330 hours by a BSF patrolling party. The BSF opened indiscriminate firing upon the bus resulting in instant death of one Abdullah s/o Gani Malik r/o Lissar, serious injuries to the bridegroom besides eight others. Followed by this the bride and the bride-maid were gang-raped by the BSF. Bride was taken away by them and the bride-maid was left behind. Bus has been removed to DPL Anantan and 78 bullet hole marks".

महोदया, मंत्री महोदय ने एश्योरेंस दीं थी कि इस पर इंक्वायरी होगी और इंक्वायरी करके हम बताएंगे, पर आज तक उस पर नीरव बैठे हुए हैं। महोदया, उस के बाद 6 अगस्त को: BSF men now down thirteen. 13 आदमी जो सो रहे थे उन पर गोलियां चलाई गई और उन्हें मार डाला गया और उस पर DIG Kashmir Range, Mr. Razak Alam, who visited the spot after the incident last night told pressmen that a case of murder and arson has been registered against the Border Security Force.

अगर ये सारी बातें झूठी हैं तो इन अखबारों के खिलाफ या इन अफसरों के खिलाफ, जो खुद ब्यान देते हैं, उनके खिलाफ क्या ऐक्शन होता है ?

महोदया, इसके पहले भी मैं इस सदन को कह चुका हूं कि ... (समय की घंटी) ...पांच मिनट नहीं हुए मैडम, इस सरकार की जो कोशिश है वह नाकाम है होती रही। 12 मार्च को आल पार्टी पैनल आन कश्मीर हुआ। उसमें जार्ज फनांडीज जी को कश्मीर अफेयसी का इंचार्ज बनाया गया और उसमें सब पार्टियों क मम्बर्स लिए गए--

Shri Surendra Mohan of the National Front, Shri Ghulam Rasool Kar of Congress, Shri Kedar Nath Sahni of BJP, Shri Farooqi of CPI, Shri Saifuddin Chbudhury of CPI (M) and Shri P. L, Handoo of the National Conference.

पर दुर्भाग्य है कि 12 मार्च से लेकर 26 मई के अन्दर यह पैनल और मिनिस्टर इंचार्ज आन कश्मीर अफेयर्स सारे के सारे हटा दिए गए। रिजल्ट क्या हुआ ? रिजल्ट हुआ जीरो। और यही राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह, जो खुद कहते हैं थ कहते हैं कह रहा हूं इसलिए कि उस दिन आपत्ति उठी थी, वे कहते हैं... (व्यवधान)....

श्री सोमपाल (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद अहलुवालिया जी।

उपसभापति: जो भी कहना है जल्दी कह दीजिए, एक मिनट रह गया है।

श्री हरवेन्द्र सिंह हसपाँत (पंजाब): शुरू करेंगे उसके बाद एक मिनट।

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, I have to finish it today. No joke about it. It is a very serious discussion It cannot go on like this.

श्री सुरेरेद्र-जीत सिंह अहलुवालिया: मैडम, यह खुद कहते हैं कि मैंने यह प्लान किया और यह जो आपत्तियां रोज उठती हैं, मैं आज से शपथ लेता हूं कि राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह को कभी भी गलत नाम से संशोधित नहीं करूंगा। मैं उनको जब भी सम्बोधन करूंगा जरूर कहूंगा-- इज्जत मआब, आली जनाब, हुजूर, फैजे गंजूर, दान अकबालहू, सिकन्दर बख्त, प्रात स्मरणीय, मध्याह्न वन्दनीय, संध्या अर्चनीय, महामहिम, मर्यादा राजा पुष्प-तुल्याषु, श्री चरणेशु, राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह मारीच।

SHRI IAGDISH PRASAD MATHUR rUTTAR PRADESH): Point of order ------ *(Interruptions)*

कम से कम उसको निकाल दीजिये-- प्रात स्मरणीय . . . ान)...

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): What is this nonsense?

.... (Interruptions)....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Have- you finished your reply ? Your five minutes are over.

SHRI S. S. AHLUWALIA: I am coming. One minute, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, I allowed you enough. time, please.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: यह कह रहा हूं कि इतने दिन से... (व्यवधान) कभी कश्मीर का मिनिस्टर

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

बनाया जाता है, कभी हटाया जाता है, कभी पावर दिए जाते हैं और कभी वापिस लिए जाते हैं और कितने दिन कितनी पावर चाहिये वह एक साथ लिस्ट बनाकर दे दीजिए और उसके बाद . . (**व्यवधान**)

उपसभापति : बैठ जाइए, मंत्री जी जवाब दीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : हम और आप क्या चाहते हैं ? कश्मीर में और कितनी हत्याएं करवायेंगे ? कश्मीर में कितने अत्याचार करवायेंगे ? आप पूछिए . . . . (**व्यवधान**) . . . .

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : उपसभापति महोदया, कश्मीर जैसे मामलों पर तमाम माननीय सदस्यों ने जितनी गंभीर राय दी है और मैं समझता हूं कि उतनी ही गंभीरता के साथ अपनी राय से भी जुड़े हुए हैं। यह सही है कि कश्मीर के ऊपर अगर कोई बहस चलती हो तो इसमें इस देश की आजादी से पहले के कश्मीर को जोड़ना पड़ेगा । अगर कोई भी मूल्यांकन कश्मीर की आज की घटना के बारे में हम करते हैं तो वह भी याद करना होगा कि इन कश्मीरियों ने किस तरह से अपना सीना अड़ा करके और जो एक नया देश बना था, जहां बड़े लुभावने सपने दिखाए जा रहे थे वहां ना जाकर अपनी सरहद की रक्षा की और इस देश के लिए गौरव स्थापित किया ।

उपसभापति महोदया, वह सही है कि 1947 का कश्मीर जिसने वार सहा । 1965 का और 1972 का जहां हिंदू और मुलमानों ने मिलकर के अपनी सरहद की रक्षा की और पाकिस्तानियों से जोरदार मुकाबला किया । हम तो आजादी के बाद पैदा हुए लोग हैं, इसलिए उसके बावजूद भी जितना कश्मीर को जानने का मौका मिला है, वह पुंछ और राजौरी का इलाका जहां जाने और देखने का मौका मिला है । लोगों ने कहा कि आज हमारे ऊपर जो लोग उंगली उठाते हैं कि हम पाकिस्तानी हो गए हैं तो वह खुद अपना मुंह आयने में जाकरके देख लें । हकीकत है, वहां के लोगों ने कहा कि हमने, जब जंग हुआ था अत्याचारियों को और पाकिस्तानियों को झेला है जब हमारे घर में आकर के हमारी बहू-बेटियों के साथ उनके इज्जत से खिलवाड़ करते थे । लेकिन आज का कश्मीर, जहां के अत्याचार के बारे में एक से एक कहानियां कही जा रही हैं, हकीकत है कि आज का कश्मीर वह देश का जो ताज था उसके ऊपर कहीं न कहीं धूल जम गयी है और इसका जिम्मेदार कौन होगा ? यह बहस का मुद्दा भले ही न बनें लेकिन जिसने अपने शासनकाल में जो गलतियां की हैं इस शासनकाल में वह गलतियां नहीं दोहराई जायें तो इसकी तरफ जो इशारा किया जाता है तो इसको हम बाकायदा खुले हृदय से स्वीकार करने को तैयार हैं लेकिन आज के जो हालात हुये हैं, कल जो घटना हुई है, उससे आंख मूंद लने, बन्द कर लेने से भी काम नहीं चलेगा हमारे मित्र हैं अहलुवालिया जी, और जितनी गंभीरता से सवालों को उठाया और उतने ही हल्के ढंग से अपने सवालों को खत्म किया, यह मुझे अफसोस है, । उन्होंने अत्याचार के बारे में जो सवाल उठाये हैं उपसभापति महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि आज जो कश्मीर के बारे में कहा जाता है कि जनता दल ने मैनिफैस्टो में क्यों नहीं था ? मैनिफैस्टो में सवाल अगर नहो जोड़े जाते हैं तो उससे जो इस देश के हालात हैं उससे अगर कोई कहे कि हालात बदल गये थे और आज हालात खराब हो गये हैं मैं कहना चाहता हूं कि मैनीफैस्टो में बहुत सारे सवाल जोड़े जाते हैं और उस सवाल को जोड़े जाने से ज्यादा जरूरी था कि कश्मीर की हालत क्या थी ?

कश्मीर की हालत इस सरकार के समय मे नही बदली है । जिस सवाल पर लोग तोहमत लगाते हैं, मैं कहना चाहता हूं कि वह . . . (**व्यवधान**)

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): The question is not of manifesto. That was never debated. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please don't interrupt. I think the Minister did not interrupt any Member who made any allegation. He has the right to reply

श्री सुबोध कान्त सहाय : उपसभापति महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि लोग इस सवाल पर नहीं बोले । मैं कहना चाहता हूं कि हमारे गृह मंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी को अगर उन लोगों ने अगुवा नहीं किया होता तो शायद हिंदुस्तान के लोगों को पता नहीं चलता कि कश्मीर की हालत क्या है । उस घटना से कश्मीर की हालत का पता चला और आतंकवादियों ने जो अपनी योजना बनाई थी कि आहिस्ता-आहिस्ता कश्मीर को हिंदुस्तान की सरहद से तोड़कर बाहर ले जाएं, उसकी तरफ़ देश चौकन्ना हुआ और देश की 80 करोड़ जनता ने कश्मीर के साथ अपने को जोड़ने का काम किया जब कि पिछली सरकार के रेजिमा में आंख-मूंदकर कश्मीर की स्थिति पर परदा डाल दिया गया था और वहां के नेतृत्व के साथ इस तरह खिलवाड़ किया गया कि आज कश्मीर में कोई ऐसा नेता नहीं है : जिसके द्वारा वहां की जनता की भावनाओं को समाज के सामने लाया जा सके । उसी का नतीजा है कि हम आज पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन की बदौलत वहां पर सरकार का अधिपत्य, सरकार की ऐथोरिटी को कम करना चाहते हैं ।

उपसभापति महोदया, अब मैं यह कहना चाहता हूं कि दो-तीन गवर्नर जो वहां रहे उन्होंने हम से अपनी बात कही थी और उन्होंने कहा था कि अगर आज के दिन कश्मीर के बारे में फ़ैसला नहीं लिया गया तो कल का दिन बहुत लेट हो जाएगा । यह उन्होंने अप्रैल में कहा था और इस सरकार को तमाम हालतों से अवगत कराया था । उसके बाद लगातार सरकार को तमाम घटनाओं की रिपोर्ट मिलती रही है लेकिन आज जो वहां पर दो-तीन महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के बारे में जो चर्चा हुई है तो मैं यह कहना चाहता हूं कि मिलिटेंट्स का जो तरीका रहा है तथा बी०बी०सी० के सामने उन्हें बनावटी तरीके से पेश किया गया कि महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं । माननीय सदस्य अहलूवालिया जी ने जो कहा है कि घटना हुई है तो मैं यह बताना चाहता हूं कि इस सिलसिले में 3 लोगों के खिलाफ़ कार्यवाही हुई है । 32 ऐसे केस सिक्योरिटी पर्सनल के खिलाफ़ रजिस्टर किए गए हैं और कोर्ट मार्शल आदि प्रोसीडिंग्स उन पर की जा रही हैं और दोषियों को आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है । इस प्रकार के जो भी केसेज हुए हैं सरकार ने अविलंब उनको रजिस्टर किया है और कार्यवाही कर रही है । महोदया, हम किसी चीज पर परदा नहीं डालना चाहते हैं । कोई सिक्योरिटी पर्सनल अगर महिलाओं के साथ अमानुषिक व्यवहार करता है तो उसको नहीं बख्शा जाएगा लेकिन मुझे बहुत अफ़सोस के साथ कहना पड़ रहा है कि भाई गुलाम नबी आज़ाद, जो संसद में काफ़ी दिनों से हैं, उन्होंने कहा कि सैंकड़ों आर्मी के जवानों ने इन घटनाओं में हिस्सा लिया । यह शर्म की बात है । ऐसी कोई घटनाएं नहीं हुई हैं कि उन्हें सैंकड़ों की तादाद में गिना जाए । अगर एकाध कोई इस प्रकार की घटना घटती है तो उससे इस देश की फ़ौज पर कलंक लगाना या उन पर अंगुली उठाना और यह कह देना कि वहां हर जगह ऐसी घटनाएं हो रही हैं, मैं समझता हूं कि यह बहुत गैर-जिम्मेदाराना बात होगी ।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज वहां की जो हालत है वह खराब है लेकिन आज अगर पाकिस्तान के साथ वार नहीं हो रहा है तो यह अवश्य कहा जा सकता है कि हम श्रीनगर में सेमी-वार लड़ रहे हैं और उससे मुकाबला कर रहे हैं । आतंकवादी लोग शहरी इलाकों में घुसकर पुलिस पर्सनल पर फ़ॉयर करते हैं । अगर पुलिस पर्सनल जवाब में फ़ॉयरिंग करता है तो एक इनोसेंट मारा जाता है और उससे पूरा शहर बाहर निकल आता है । यह आतंकवादियों का पार्ट ऑफ़ दि स्ट्रेटेजी है और उसके शिकार होकर हम भावनाओं में बह जाते हैं । आज की घटना जिस पर बहस चल रही है कि तीन एयर-फ़ोर्स के पदाधिकारियों को उठाकर ले गए और मार दिया, आज के समाचार-पत्रों में इस घटना का ज़िक्र है । सत्य है बहुत सीमा तक, लेकिन जितन

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

